# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 02.02.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण द्वारा पेश आम बजट एक अनूठा बजट है जो राजकोषीय घाटे को कम करने और मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने पर केंद्रित होने के साथ ही उच्च पूंजीगत व्यय और उच्च विकास पर जोर देता है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर देश की महत्वकांक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के 140 करोड़ नागरिक सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने से संतुष्ट नहीं हैं और वे जल्द से जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 16वें वित्त आयोग द्वारा राजस्व अनुदान घाटे को समाप्त करने का विरोध किया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस अनुदान के समाप्त होने से छोटे और पहाड़ी राज्यों को सबसे अधिक नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि ये अनुदान बंद करना संघीय ढांचे की भावना के विपरीत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवैधानिक और कानूनी विकल्पों पर विचार करेगी और लड़ाई लड़ेगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा के सांसदों ने राजस्व अनुदान घाटे के मुद्दे पर प्रदेश के हितों की मजबूती से पैरवी नहीं की।

**जयराम ठाकुर**

नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य का आधार स्तंभ और सर्वस्पर्शी बताते हुए इसकी सराहना की है। नेता प्रतिपक्ष ने केंद्रीय बजट को अमृतकाल का अमृत कलश भी करार दिया और कहा कि इससे हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में ईको टूरिज़्म विकसित करने के नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि कैंसर की दवाओं में सीमा शुल्क की छूट और हिमाचल में मांउटेन ट्रेल जैसे प्रोजेक्ट दर्शातें हैं कि ये बजट विकास भी, विरासत भी के मंत्र के साथ हर वर्ग और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने वाला है।

**भाजपा**

भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा है कि केंद्रीय बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसमें विशेष रूप से युवा वर्ग के लिए रोज़गार के अवसर सृजित किए गए हैं। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य के लिए बजट में की गई घोषणाएं प्रदेश के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि ईको फ्रेंडली माउंटेन कॉरिडोर, पर्यटन को बढ़ावा देने वाली योजनाएं और आधारभूत ढांचे के विकास से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बजट को देश के समावेशी विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम करार दिया और

कहा कि सात प्रतिशत की विकास दर और 12 लाख करोड़ रूपए से अधिक के रिकॉर्ड बुनियादी ढांचा निवेश से देश व प्रदेश में आईटी, सेमीकंडक्टर और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों को नई गति मिलेगी।

**शिमला भाजपा**

शिमला जिला भाजपा अध्यक्ष केशव चौहान ने केंद्रीय बजट को किसानों, युवाओं और महिलाओं की हितैषी बजट करार दिया है। केशव चौहान ने आज शिमला में कहा कि इस बजट से प्रदेश में इको टूरिज्म को भी बड़े पैमाने में फायदा मिलेगा। इसके अलावा केंद्रीय करों से प्रदेश को इस साल 13 हजार 9 सौ 49 करोड़ रूपए की राशि भी मिलेगी।

**हालड़ा**

लाहौल घाटी की गाहर घाटी में भारी बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के बावजूद पारंपरिक लोक पर्व हालड़ा पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बीती रात करीब 9 बजे पूरी गाहर घाटी हालड़ा हो–हालड़ा हो के जयकारों से गूंज उठी। इस दौरान कारदंग, बरबोग, केलांग और यूरनाथ पंचायतों के ग्रामीण अपने–अपने घरों से बनाई गई लकड़ी की मसाल लेकर बाहर निकले और पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ हालड़ा निकाला।

**मौसम**

प्रदेश में बीते दो दिनों के दौरान हुई व्यापक बर्फबारी और वर्षा से पूरा प्रदेश कड़ाके की शीतलहर की चपेट में है। मौसम विभाग के अनुसार ताजा वर्षा और बर्फबारी से प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में चार से दस डिग्री सैल्सियस की कमी आई है। बीती रात राजधानी शिमला के कई इलाकों में ओलावृष्टि हुई जबकि कुफरी और नारकंडा में इस दौरान हल्की बर्फबारी हुई। उधर जनजातीय क्षेत्रों लाहौल स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चंबा जिला के पांगी व भरमौर में बीती रात बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली, सोलंगनाला, धुंधी और कोठी में ताजा हिमपात हुआ। इस बीच आज प्रदेश में दिन की शुरूआत हल्की धूप के साथ हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के मध्यम व अधिक उंचाई वाले अलग–अलग स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना जताई है।

-----------